


**PRESS RELEASE**

**VICE-PRESIDENT AND LOK SABHA SPEAKER PAY TRIBUTES TO SARDAR VALLABHBHAI PATEL ON HIS 150TH BIRTH ANNIVERSARY IN THE CENTRAL HALL OF SAMVIDHAAN SADAN/उपराष्ट्रपति और लोक सभा अध्यक्ष ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER INTERACTS WITH OVER 600 STUDENTS FROM ACROSS THE COUNTRY ON RASHTRIYA EKTA DIWAS/लोक सभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर देश भर से आए 600 से अधिक छात्रों से बातचीत की**

**…**

**SARDAR PATEL’S IDEALS OF UNITY AND DISCIPLINE CONTINUE TO INSPIRE NATION-BUILDING: LOK SABHA SPEAKER/सरदार पटेल के एकता और अनुशासन के आदर्श राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**THE WORLD LOOKS UP TO INDIA AS A BEACON OF HOPE, PROGRESS, AND STABILITY: LOK SABHA SPEAKER/विश्व भारत को आशा, प्रगति और स्थिरता के प्रकाशस्तम्भ के रूप में देखता है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**INDIA’S YOUTH ARE LEADING GLOBAL TRANSFORMATION THROUGH INNOVATION AND LEADERSHIP/भारत के युवा नवाचार और नेतृत्व के माध्यम से विश्व में हो रहे परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे हैं**

**…**

**SARDAR PATEL’S VISION GUIDES INDIA’S YOUTH IN DRIVING THE NATION TOWARDS VIKSIT BHARAT: LOK SABHA SPEAKER/सरदार पटेल के विचारों से भारत के युवाओं को देश को विकसित भारत बनाने की प्रेरणा मिल रही है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**New Delhi, 31 October 2025:** Vice-President of India, Shri C. P. Radhakrishnan and Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla, paid floral tributes to Sardar Vallabhbhai

Patel in the Central Hall of Samvidhaan Sadan on the occasion of his 150th birth anniversary.

Union Minister of Parliamentary Affairs and Minority Affairs, Shri Kiren Rijiju; Leader of Opposition in Rajya Sabha, Shri Mallikarjun Kharge; Leader of Opposition in Lok Sabha, Shri Rahul Gandhi; Minister of State (Independent Charge) for Law and Justice and Parliamentary Affairs, Shri Arjun Ram Meghwal; Deputy Chairman, Rajya Sabha, Shri Harivansh; Members of Parliament; former Members; Secretary General of Lok Sabha, Shri Utpal Kumar Singh and Secretary General of Rajya Sabha, Shri P.C. Mody and other dignitaries also paid floral tributes to Sardar Vallabhbhai Patel.

https://x.com/ombirlakota/status/1984141305421963605

On the occasion, Lok Sabha Speaker interacted with over 600 students from across the country who participated in the programme "Know Your Leader" organised by PRIDE in the Central Hall of Samvidhaan Sadan organized to celebrate Rashtriya Ekta Diwas (National Unity Day), marking the 150th Birth Anniversary of Sardar Vallabhbhai Patel. Addressing the students, Shri Birla said that India's youth—guided by Sardar Patel's vision and values—are driving the nation towards Viksit Bharat through innovation, science, technology, and leadership. Referring to Sardar Patel's guiding values of unity and discipline, Shri Birla emphasized that his example continues to inspire India's young citizens to work selflessly for the nation. The world's growing confidence in India, he said, is a tribute to the hard work, creativity, and commitment of its young people—who are building not only a stronger nation but also a more equitable and prosperous world.

https://x.com/ombirlakota/status/1984202702054674761

Commending the achievements of India's youth, Shri Birla noted that they have emerged as global leaders in fields such as artificial intelligence, digital technology, space research, green energy, and innovation. Their accomplishments, he said, reflect a confident and forward-looking nation that draws strength from its cultural heritage while embracing modernity. In every sphere—from science and entrepreneurship to diplomacy and governance—young Indians are defining the pace and character of the nation's progress.

Shri Birla noted that the world today looks up to India as a beacon of hope, progress, and stability—powered by the energy, talent, and determination of its young citizens. He observed that Sardar Vallabhbhai Patel's visionary leadership laid the foundations of India's political unity and administrative strength. Through courage, foresight, and statesmanship, Sardar Patel integrated hundreds of princely states into a single Union, ensuring that the newly independent India emerged as a united and sovereign nation, the Speaker observed.

Highlighting Sardar Patel's transformative leadership, Shri Birla said that he converted the spirit of freedom into the framework of governance, enabling India to stand firmly on the global stage as a democracy rooted in strength and inclusivity. Sardar Patel's ideals of strength through unity, order through

discipline, and service through duty remain deeply relevant in an age driven by knowledge, technology, and innovation, Shri Birla said.

Emphasizing that the 21st century belongs to nations that invest in their youth, Shri Birla said that India's demographic dividend is its greatest strategic advantage. The country is witnessing an unprecedented surge in creativity, enterprise, and scientific excellence. This generation's innovative spirit and commitment to social good, he said, are shaping a new global narrative in which India stands as a leader and problem-solver for the world. As India assumes a greater role on the global stage, Shri Birla expressed confidence that its youth will continue to lead in shaping policies, technologies, and partnerships that benefit humanity as a whole.

**नई दिल्ली, 31 अक्तूबर 2025:** भारत के उपराष्ट्रपति, श्री सी. पी. राधाकृष्णन और लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, श्री किरेन रिजिजू; राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री मल्लिकार्जुन खरगे; लोक सभा में विपक्ष के नेता, श्री राहुल गांधी; विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल; राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश; संसद सदस्यों; पूर्व सदस्यों; लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, श्री पी.सी. मोदी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की।

https://x.com/ombirlakota/status/1984141305421963605

इस अवसर पर, लोक सभा अध्यक्ष ने देश भर से आए 600 से अधिक छात्रों से बातचीत की, जो सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसदीय लोकतन्त्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ( PRIDE) द्वारा आयोजित "नो यूअर लीडर" कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। छात्रों को संबोधित करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि सरदार पटेल के विचारों और मूल्यों से प्रेरणा प्राप्त कर भारत के युवा नवाचार, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नेतृत्व के माध्यम से देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। सरदार पटेल के एकता और अनुशासन के मार्गदर्शी मूल्यों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि उनके जीवन और कार्यों से भारत के युवा नागरिकों को राष्ट्र के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में दुनिया का बढ़ता विश्वास, देश की युवाओं की कड़ी मेहनत, रचनात्मकता और प्रतिबद्धता का परिणाम है और हमारे युवा न केवल एक सशक्त राष्ट्र, बल्कि एक समतामूलक और समृद्ध विश्व का भी निर्माण कर रहे हैं।

https://x.com/ombirlakota/status/1984202702054674761

भारत के युवाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि वे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, डिजिटल प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष अनुसंधान, हरित ऊर्जा और नवाचार जैसे क्षेत्रों में विश्व में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धियों से दुनिया को एक ऐसे आत्मविश्वासी और दूरदर्शी राष्ट्र का परिचय मिल रहा है जो आधुनिकता को अपनाते हुए भी अपनी सांस्कृतिक विरासत को सँजोए हुए है। विज्ञान और उद्यमिता से लेकर राजनय और शासन तक, प्रत्येक क्षेत्र में भारत के युवा देश की प्रगति की गति और स्वरूप को परिभाषित कर रहे हैं।

श्री बिरला ने कहा कि आज दुनिया भारत को आशा, प्रगति और स्थिरता के प्रकाश स्तंभ के रूप में देखती है, जो अपने युवा नागरिकों की ऊर्जा, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत की राजनीतिक एकता और प्रशासनिक दृढ़ता की नींव रखी। अध्यक्ष महोदय ने यह भी कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, अटल संकल्प और अद्वितीय नेतृत्व से सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर यह सुनिश्चित किया कि नव स्वतंत्र भारत एक अखंड और संप्रभु राष्ट्र के रूप में उभरे।

सरदार पटेल के परिवर्तनकारी नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता की भावना को शासन के ढाँचे में परिवर्तित किया, जिससे भारत विश्व मंच पर सशक्त और समावेशी  लोकतंत्र के रूप में मजबूती से खड़ा हुआ। श्री बिरला ने कहा कि ज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर आधारित युग में सरदार पटेल के एकता से शक्ति, अनुशासन से व्यवस्था और कर्तव्य से सेवा के आदर्श आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं।

इस बात पर ज़ोर देते हुए कि 21वीं सदी उन देशों की होगी जो अपने युवाओं में निवेश करते हैं, श्री बिरला ने कहा कि भारत के युवा इसकी सबसे बड़ी रणनीतिक शक्ति हैं। देश में रचनात्मकता, उद्यमशीलता और वैज्ञानिक उत्कृष्टता में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि इस पीढ़ी की नवोन्मेषी भावना और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता एक नया अध्याय लिख रही है और भारत विश्व में समस्याओं का समाधान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। श्री बिरला ने विश्वास व्यक्त किया कि विश्व मंच पर भारत की बढ़ती भूमिका के साथ, भारत के युवा समग्र मानवता के लिए लाभकारी नीतियों, प्रौद्योगिकियों और भागीदारियों को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे।